वर्ष- 3 , अंक- 23
छपरा
11 दिसंबर गुरूवार
2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# दिल्ली हाईकोर्ट बोला-इंडिगो फेल हुई तो सरकार ने क्या किया ?




## 4 हजार का टिकट 30 हजार तक कैसे पहुंचा; आपने ही ऐसे हालात बनने दिए

**नई दिल्ली,एजेंसी।** इंडिगो संकट पर दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार को फटकार लगाई। अदालत ने पूछा कि जब एयरलाइन फेल हो गई थी, तब सरकार ने क्या किया। कैसे फ्लाइट्स की टिकट की कीमतें 4-5 हजार रुपए से बढ़कर 30,000 रुपए तक कैसे पहुंच गई। अन्य एयरलाइंस ने इसका फायदा कैसे उठाया। आपने क्या कार्रवाई की? आपने ही स्थिति को इस हाल तक पहुंचने दिया।मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की डिविजन बेंच जनहित याचिका (PIL) की सुनवाई कर रही थी। इसमें मांग की गई थी कि इंडिगो संकट की स्वतंत्र न्यायिक जांच की जाए और जिन लोगों की फ्लाइट रद्द हुई या जो एयरपोर्ट पर फंसे उन्हें मुआवजा दिया जाए।

इस दौरान कोर्ट ने कहा कि यह सिर्फ व्यक्तिगत यात्रियों का मामला नहीं है, बल्कि इससे आर्थिक नुकसान भी हुआ है। सरकार को सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में इस तरह की स्थिति दोबारा न पैदा हो। इधर, DGCA (नागरिक उड्डयन नियामक) ने इंडिगो के CEO पीटर एल्बर्स को गुरुवार दोपहर 3 बजे समन भेजकर बुलाया है।

### कोर्ट रूम लाइव

- **हाईकोर्ट :** सरकार से क्या उम्मीद रखते हैं। क्या आपने आज अखबार पढ़ा।
- **याचिकाकर्ता:** फ्लाइट रद्द होने की संख्या कम हुई है।
- **हाईकोर्ट:** अब आप क्या चाहते हैं। कार्रवाई कर रही है। एएसजी चेतन शर्मा (सरकार की ओर से)- सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। किराए पर कैप लगाया गया है।।
- **हाईकोर्ट:** यात्रियों के साथ एयरलाइन कर्मचारियों का व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए। पायलट के काम के घंटे की गाइडलाइन समय पर क्यों लागू नहीं की गई। एएसजी- फेयर कैपिंग बहुत सख्त तरीके से की गई।
- **कोर्ट:** यह कार्रवाई 4-5 दिन बाद हुई। टिकट जो 4-5 हजार रुपये में उपलब्ध था, उसके दाम 30,000 रुपये तक क्यों बढ़ गए?
- **कोर्ट:** यह सिर्फ फंसे हुए यात्रियों का मामला नहीं है, आर्थिक नुकसान भी हुआ है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने।




### सरकार बोली- DGCA की भी जांच होगी

इंडिगो संकट को लेकर अब DGCA (नागरिक उड्डयन नियामक) भी केंद्र सरकार की जांच के रडार पर है। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने एक इंटरव्यू में कहा कि इंडिगो की गड़बड़ी पर सिर्फ एयरलाइन ही नहीं, बल्कि DGCA के कामकाज की भी जांच होगी। मंत्री ने यात्रियों को हुई परेशानी के लिए माफी मांगी और कहा कि जिम्मेदार लोगों पर कड़ी और उचित कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि इंडिगो का यह बड़ा फेलियर सामान्य गलती नहीं लगता, बल्कि इसमें जानबूझकर हुई लापरवाही के संकेत मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार यह जांच कर रही है कि आखिर ऐसा संकट उसी समय क्यों आया और ऑपरेशंस होने के बावजूद हालात कैसे बिगड़े। CEO को हटाने के सवाल पर नायडू ने कहा कि जरूरत पड़ी तो जरूर हटाया जाएगा। जो भी कानूनी कार्रवाई बनती है, वह जरूर होगी। नायडू ने ये भी बताया कि मैं पिछले 7 दिनों से लगातार मीटिंग कर रहा हूं और मुश्किल से सो पाया हूं, क्योंकि फोकस सिर्फ यात्रियों की परेशानी दूर करने पर है।

**इंडिगो ने 403 विमान बताकर 6प्रतिशत ज्यादा उड़ानें लीं :**DGCA ने बताया कि इंडिगो की ऑपरेटिंग क्षमता और उसके वास्तविक विमान इस्तेमाल में बड़ा अंतर है। यानी कंपनी जितने विमान उड़ाने की क्षमता दिखा रही है, उतने विमान वह उड़ा नहीं पा रही है।

# गर्लफ्रेंड से अफेयर में दोस्त की हत्या, कई टुकड़े किए

### सिर, हाथ-पैर काटकर बोरवेल में डाले, धड़ जमीन में गाड़ा



**कच्छ,एजेंसी।** गुजरात के कच्छ जिले में 6 दिसंबर को लापता हुए 20 साल के लड़के की हत्या का खुलासा हुआ है। युवक की हत्या उसके दोस्त ने ही की थी। हत्या एक लड़की से प्रेम संबंधों के चलते हुई। आरोपी ने पुलिस को बताया कि हत्या के बाद उसने शव के कई टुकड़े कर सिर, हाथ-पैर कुएं में फेंक दिए थे। वहीं, धड़ कुएं के पास ही जमीन में गाड़ दिया था।

मृतक के मोबाइल से पकड़ में आया एसपी विकास सुंडा ने बताया कि 6 दिन पहले नखत्राणा के मुरु गांव का 20 वर्षीय रमेश माहेश्वरी नामक युवक लापता हो गया था। पुलिस ने रमेश की खोजबीन के दौरान रमेश के दोस्तों से भी पूछताछ की तो उसके एक दोस्त किशोर माहेश्वरी से विवाद होने की बात मालूम हुई। पुलिस ने जब किशोर के घर की तलाशी ली तो वहां से रमेश का मोबाइल भी बरामद हुआ। मोबाइल मिलने ने के बाद पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की तो किशोर ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

# वीर सावरकर अवॉर्ड को लेकर शशि थरूर बोले- यह गैर-जिम्मेदाराना हरकत



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने वीर सावरकर अवार्ड को लेकर बुधवार को कहा कि उन्हें इस अवॉर्ड के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी और न ही उन्होंने इसे स्वीकार किया है। उन्होंने आयोजकों पर बिना अनुमति उनका नाम घोषित करने के लिए गैर- जिम्मेदाराना व्यवहार करने का आरोप लगाया।थरूर ने एक्स पोस्ट में कहा कि मुझे मीडिया रिपोर्ट्स से पता चला कि मुझे 'वीर सावरकर अवॉर्ड' के लिए चुना गया है, जो आज दिल्ली में दिया जाना था। मुझे इस घोषणा के बारे में कल केरल में पता चला, जहां मैं स्थानीय निकाय चुनाव के लिए वोट डालने गया था।

# पाकिस्तान को 12 राज्यों में बांटने की तैयारी,भुट्टो की पार्टी विरोध में



**इस्लामाबाद,एजेंसी।** पाकिस्तान के चारों प्रांतों को 12 हिस्सों में बांटने की तैयारी चल रही है। देश के संचार मंत्री अब्दुल अलीम खान ने कहा है कि देश में छोटे-छोटे प्रांत बनना अब तय है। उनका कहना है कि इससे शासन बेहतर होगा। अब्दुल अलीम खान रविवार को शेखूपुरा में इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी (IPP) के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सिंध और पंजाब में तीन-तीन नए प्रांत बनाए जा सकते हैं। ऐसा ही विभाजन बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में भी हो सकता है। अलीम खान ने कहा कि हमारे आसपास के देशों में कई छोटे प्रांत हैं। इसलिए पाकिस्तान में भी ऐसा होना चाहिए। अलीम खान की पार्टी IPP पीएम शहबाज शरीफ की गठबंधन सरकार का हिस्सा है।

### राजस्थान सरकार ने किए 1 लाख करोड़ के समझौते

# राज्यपाल ने कहा- सूखा-भूखा मत समझो, वेदांता ने की इंडस्ट्रियल पार्क की घोषणा

**जयपुर,एजेंसी।** प्रवासी राजस्थानी दिवस पर राजस्थान सरकार एक लाख करोड़ के बिजनेस समझौते किए हैं। जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (JECC) में आज हो रहे कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में वेदांता ग्रुप ने राजस्थान में इंडस्ट्रियल पार्क बनाने की भी घोषणा की। वहीं, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि- हम प्रवासी राजस्थानियों से आपसे निवेदन करते हैं कि आप राजस्थान में भी काम करें। यहां 2 साल में सब बदल गया है। उन्होंने 14 नए राजस्थान चैप्टर की भी घोषणा की। वहीं, कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने राजस्थानियों से राजस्थान का ब्रांड एंबेसडर बनने और यहां इंवेस्टमेंट लाने की अपील की। बुधवार सुबह 10.30 बजे पहले प्रवासी



राजस्थानी दिवस का उद्घाटन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया।

**13 नीतियां जारी करेगी राजस्थान सरकार :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिछले साल प्रवासी राजस्थानी दिवस की घोषणा की थी। पहले राजस्थानी दिवस पर आज राजस्थान के बैकग्राउंड वाले दुनिया के बड़े बिजनेसमैन को सरकार ने इनवाइट किया है।

### दिवाली को यूनेस्को ने विश्व धरोहर घोषित किया

# मोदी बोले: दिवाली हमारी सभ्यता की आत्मा कुंभ मेला समेत 15 धरोहरें पहले ही लिस्ट में

**नई दिल्ली,एजेंसी।** यूनेस्को ने दिवाली को अमूर्त विश्व धरोहर घोषित किया। यूनेस्को ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन की इंटैन्जिबल कल्चरल हेरिटेज यानी अमूर्त विश्व धरोहर की सूची जारी की। इसमें घाना, जॉर्जिया, कांगो, इथियोपिया और मिस्र सहित कई देशों के सांस्कृतिक प्रतीक भी शामिल हैं।

इस पर पीएम मोदी ने कहा, दिवाली हमारी सभ्यता की आत्मा है। भारत की 15 अमूर्त विश्व धरोहर की सूची में शामिल हैं। इसमें दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, छाऊ नृत्य भी शामिल हैं।

ये फैसला उस समय आया है, जब दिल्ली में NESCO की इंटर-गवर्नमेंटल कमेटी फॉर इंटैन्जिबल हेरिटेज की 20वीं बैठक की मेजबानी कर रही है। यह 8 से 13 दिसंबर तक चलेगी। इसी मौके को देखते हुए केंद्र सरकार ने 10 दिसंबर को विशेष दीपावली समारोह रखने का फैसला किया है, ताकि दुनिया के सामने भारत की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत तरह से पेश किया जा सके।



### मोदी बोले- दिवाली संस्कृति और प्रकृति से जुड़ी

पीएम नरेंद्र मोदी ने x पर बधाई देते हुए लिखा, भारत और दुनियाभर के लोग उत्साहित हैं। हमारे लिए दिवाली, संस्कृति और प्रकृति से जुड़ी है। यह हमारी सभ्यता की आत्मा है। यह ज्ञान और धर्म का प्रतीक है। दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची में शामिल किए जाने से इस त्योहार की वैश्विक लोकप्रियता में और भी वृद्धि होगी। प्रभु श्री राम के आदर्श हमें शाश्वत रूप से मार्गदर्शन करते रहें।

### भारत की 15 धरोहरें पहले से लिस्ट में

यूनेस्को की यह लिस्ट दुनिया की ऐसी सांस्कृतिक और पारंपरिक चीजों को शामिल करती है, जिन्हें छू नहीं सकते लेकिन अनुभव किया जा सकता है। इसे अमूर्त विश्व धरोहर भी कहते हैं। इसका मकसद है कि ये सांस्कृतिक धरोहरें सुरक्षित रहें और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचें। फिलहाल, भारत की 15 धरोहरें पहले से अमूर्त विश्व धरोहर की सूची में जगह बना चुकी हैं। इसमें दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, छऊ नृत्य भी शामिल हैं।

### कपिल मिश्रा बोले- सभी सरकारी इमारतें सजाई जाएंगी

दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा ने बताया कि 10 दिसंबर को दिल्ली सरकार अलग से दिवाली मनाएगी। सभी सरकारी इमारतें सजाई जाएंगी, दिल्ली हाट में खास कार्यक्रम होंगे और लाल किले पर दीये जलाए जाएंगे। मंगलवार रात दिल्ली सचिवालय को तिरंगे रंगों की रोशनी से जगमगाया भी गया। सरकार का मकसद दीपावली को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले वैश्विक संदेश के रूप में पेश करना है, ताकि NESCO सूची में भारत का दावा और मजबूत हो सके। दिल्ली सरकार ने लोगों से भी अपील की है कि वे शहरभर में हो रहे समारोहों में शामिल हों और मिलकर इस ऐतिहासिक पल को मनाएं।

# सागर में पुलिस वैन-कंटेनर की भिड़ंत, 4 जवानों की मौत,गाड़ी काटकर शव निकाले

### नक्सल ऑपरेशन के लिए गए थे; पुलिस का डॉग सुरक्षित

**सागर,एजेंसी।** सागर के नेशनल हाईवे-44 पर बांदरी के पास बुधवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार कंटेनर और पुलिस के वाहन में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में पुलिस वाहन में सवार 4 जवानों की मौत हो गई, जबकि एक जवान गंभीर रूप से घायल है, जिसे एयरलिफ्ट कर दिल्ली के गंगाराम हॉस्पिटल ले जाया गया। वहीं, टीम में शामिल डॉग सुरक्षित है।

जानकारी के अनुसार मुरैना जिले का बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड बालाघाट में ड्यूटी पर तैनात था। पुलिसकर्मी नक्सल विरोधी अभियान में शामिल हुए थे। वहां से वे बीडी-डीएस वाहन (क्रमांक MP 03 A 4883) में सवार होकर वापस मुरैना लौट रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर बांदरी के पास झिंझनी घाटी पर सामने से आ रहे कंटेनर से पुलिस वाहन की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डॉग मास्टर समेत चार जवानों की जान चली गई। जानकारी के मुताबिक, NH- 44 पर अंडरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। इस कारण से बांदरी के पास हाईवे का ट्रैफिक वन वे हो गया था।




### सीकर मे स्लीपर बस के परखच्चे उड़े, जोरदार धमाका, 4 की मौत

#### तेज रफ्तार ट्रक से भिड़ंत; घायलों में घुसे कांच-मेटल के टुकड़े, 6 की हालत गंभीर



**फतेहपुर (सीकर),एजेंसी।** सीकर में स्लीपर बस और ट्रक की भीषण भिड़ंत में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, घायल बस कंडक्टर ने बुधवार सुबह जयपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में कुल 28 लोग घायल हुए थे। इनमें 6 की हालत अब भी गंभीर है। हादसा जयपुर-बीकानेर नेशनल हाईवे पर मंगलवार देर रात 10:40 बजे फतेहपुर के पास हुआ। बस में सवार सभी यात्री वलसाड (गुजरात) के रहने वाले हैं। ये सभी वैष्णो देवी के दर्शन कर लौट रहे थे और खाटूश्यामजी जा रहे थे। बस में करीब 50 लोग सवार थे।
जानकारी के अनुसार स्लीपर बस बीकानेर की ओर से जयपुर जा रही थी। वहीं, ट्रक झुंझुनूं से बीकानेर की ओर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि ट्रक आगे से बस में घुस गया। इससे जोरदार धमाका हुआ।

### राहुल संसद सत्र के बीच जर्मनी जाएंगे

# भाजपा बोली- उनके लिए एलओपी मतलब लीडर ऑफ पर्यटन

### प्रियंका का जवाब- पीएम भी आधे समय विदेश रहते हैं

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की आगामी जर्मनी यात्रा को लेकर राजनीति तेज हो गई है। भाजपा ने बुधवार को संसद के शीतकालीन सत्र के बीच राहुल की विदेश यात्रा को लेकर उनकी आलोचना की है। कंगना रनोट, संजय जायसवाल समेत कई भाजपा सांसदों ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी है।

भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा- राहुल गांधी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि स्र्ष्क्क का मतलब लीडर ऑफ पर्यटन होता है। वे लीडर ऑफ पार्टीइंग (पार्टी करने वाले नेता हैं)। संसद सत्र 19 दिसंबर तक चलेगा, फिर भी राहुल 15 से 20 दिसंबर तक जर्मनी में रहेंगे।



### गोवा नाइट क्लब अग्निकांड

# 4 मालिकों में से एक पकड़ाया बोला- मैं सिर्फ बिजनेस पार्टनर

### थाइलैंड भागे लूथरा ब्रदर्स ने दिल्ली में जमानत याचिका लगाई

**पणजी/नई दिल्ली,एजेंसी।** गोवा के बिर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत मामले में क्लब के 4 मालिकों में से एक को हिरासत में लिया गया है। आरोपी का नाम अजय गुप्ता है। वह दिल्ली का रहने वाला है। गोवा पुलिस ने बुधवार को उसे दिल्ली से ही हिरासत में लिया।

गोवा पुलिस दिल्ली क्राइम ब्रांच ऑफिस में आरोपी से पूछताछ कर रही है। उसे आज साकेत कोर्ट में पेश किया जाएगा। ट्रांजिट रिमांड की प्रक्रिया के बाद उसे गिरफ्तार किए जाने की संभावना है। क्राइम ब्रांच ऑफिस में जाने के दौरान, आरोपी ने मास्क, टोपी और हुडी जैकेट से अपना चेहरा छिपा रखा था। उसने मीडिया के सवालों पर कहा- मैं सिर्फ एक बिजनेस पार्टनर हूं।



# दिल्ली-एनसीआर की सुरक्षा के लिए तैनात होगा स्वदेशी डिफेंस सिस्टम

### ड्रोन-फाइटर जेट के हमलों को नाकाम करेगा; अगस्त में सफल परीक्षण किया जा चुका

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत अब राजधानी दिल्ली-NCR को मिसाइलों, ड्रोन और फाइटर जेट हमले जैसे खतरों से बचाने के लिए अपना खुद का मल्टी-लेयर्ड एयर डिफेंस सिस्टम लगाने जा रहा है। रक्षा मंत्रालय इस प्रोजेक्ट को तेजी से आगे बढ़ा रहा है।

वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों के अनुसार नया इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम (IADWS) पूरी तरह देश में बने हथियारों से तैयार होगा। इस सिस्टम का सबसे बड़ा हिस्सा DRDO की बनाई QRSAM मिसाइल और VSHORADS होगा।इनके साथ कई तरह के सेंसर, रडार और एक आधुनिक कंट्रोल सिस्टम जोड़ा जाएगा, जिससे हर खतरे पर तुरंत नजर रखी जा सके। ये पूरा सिस्टम भारतीय वायुसेना ऑपरेट करेगी। IADWS का 23 अगस्त को सफल परीक्षण भी हो चुका है।

**सुदर्शन चक्र मिशन का हिस्सा :** IADWS एक मल्टीलेयर एयर डिफेंस सिस्टम है, ये दुश्मन के हवाई हमले नाकाम करेगा। इसे सुदर्शन चक्र मिशन का एक हिस्सा माना जा रहा है। यह स्वॉर्म (एक साथ छोड़े गए कई ड्रोन्स) ड्रोन अटैक के खिलाफ रक्षा कवच बनेगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से दिए अपने भाषण में सुदर्शन चक्र मिशन की घोषणा की थी।



इसके बाद 23 अगस्त को ओडिशा के तट पर IADWS का सफल परीक्षण किया गया था। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए X पोस्ट में लिखा था- इस परीक्षण ने हमारे देश की मल्टी लेयर एयर डिफेंस कैपेबिलिटी बढ़ाई है। यह सिस्टम दुश्मन के हवाई खतरों के खिलाफ रीजनल डिफेंस को मजबूती देगा।

परीक्षण के दौरान इस सिस्टम ने 2 हाई स्पीड फिक्स्ड विंग अनमैन्ड ड्रोन, मल्टी कॉप्टर ड्रोन समेत तीन अलग-अलग टारगेट पर अटैक किया। ये तीनों टारगेट अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर थे। IADWS ने इन तीनों को एक साथ निशाना बनाकर पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया सिस्टम का कॉन्सेप्ट इस तरह से तैयार किया गया है कि पहले रडार यूनिट आने वाले खतरों पर नजर रखती है और उन्हें क्लासिफाई करती है। इसके बाद कमांड सेंटर ज्यादा ऊंचाई से आने वाले तेज खतरों के लिए क्विक एक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल (QRSAM) को निर्देश देता है।कम रेंज वाले और धीमी गति से होने वाले हमले के लिए एडवांस्ड वैरी शॉर्ट एयर डिफेंस सिस्टम मिसाइलें (VSHORADS) एक्टिवेट होती हैं। इसके साथ ही साथ ड्रोन और चीप सैचुरेटेड अटैक के लिए लेजर बेस्ड डायरेक्टेड एनर्जी वेपन (DEW) हमला करते हैं।

अमेरिका के महंगे NASAMS-II की जगह स्वदेशी सिस्टम भारत पहले अमेरिका का NASAMS-II सिस्टम खरीदना चाहता था, जो वॉशिंगटन DC और व्हाइट हाउस की सुरक्षा करता है। इसके लिए बातचीत भी चली, लेकिन उसका खर्च बहुत ज्यादा था। इसके बाद सरकार ने पूरी तरह स्वदेशी विकल्प अपनाने का फैसला किया।

## समकालीन अभियान 122 आरोपित गिरफ्तार




**भागलपुर,एजेंसी।** भागलपुर के सिटी एसपी शुभांक मिश्रा ने मंगलवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत दो दिनों में बड़े स्तर पर सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के कई थानों क्षेत्रों में दबिश दी गई। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कुल 122 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। थाना स्तर पर गठित टीमों ने देर रात तक अभियान चलाते हुए वारंटी, पेंडिंग केस, असामाजिक तत्वों और आपराधिक गतिविधियों में शामिल संदिग्धों को हिरासत में लिया। सिटी एसपी शुभांक मिश्रा ने बताया कि कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और लंबित मामलों के निपटारे के लिए यह विशेष अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में आरोपित लंबे समय से फरार चल रहे थे, उन्हें भी चिन्हित कर दबोचा गया है।पुलिस टीमों को सख्त निर्देश दिए गए थे कि किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि करने वालों को चिन्हित कर तत्काल कार्रवाई की जाए। सिटी एसपी ने कहा कि इस अभियान से अपराध पर लगाम लगेगी और शहर में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी। सभी गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ जारी है तथा संबंधित धाराओं में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## गाली का विरोध करने पर लोहे की रॉड से हमला :शेखपुरा में 3 लोग घायल

**शेखपुरा,एजेंसी।** शेखपुरा के कोरमा थाना क्षेत्र के गगौर गांव में खेत में पानी जाने को लेकर हुए विवाद में तीन लोगों को बेरहमी से पीटा गया। इस मारपीट में पिता और उनके दो बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस की मदद से एक घायल को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायलों में अवधेश सिंह और उनके बेटे नीरज कुमार तथा लालू कुमार शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल नीरज कुमार को मंगलवार शाम इलाज के लिए शेखपुरा के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**धारदार चाकू से किया वार :** घायल नीरज कुमार ने बताया कि गांव के गुड्डू सिंह, उमेश सिंह, संतोष कुमार, निवास सिंह और रूपक कुमार ने लोहे की रॉड और लाठियों से उन पर हमला किया। उनके पिता पर धारदार चाकू से भी वार किया गया, जिससे वे घायल हो गए। नीरज कुमार ने आरोप लगाया कि हमलावर आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और अवैध रूप से एक गुमटी में किराना दुकान की आड़ में गांजा बेचते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपियों में से एक पहले गांजा के साथ गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है।

**खेत में पानी जाने पर गाली-गलौज :** नीरज कुमार के अनुसार, वह अपने खेत की सिंचाई कर रहे थे। खेत में दरार होने के कारण पानी बगल के खेत में चला गया। इसी बात को लेकर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो हमलावरों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया। कोरमा थाना अध्यक्ष मुरारी कुमार ने बताया कि गंभीर रूप से घायल युवक को पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस संबंध में लिखित शिकायत मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## महिला की मौत, ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने का आरोप

**नालंदा,एजेंसी।** नालंदा में ससुराल वालों के प्रताड़ना से बीमार होकर एक महिला की मंगलवार की शाम पटना के पीएमसीएच में मौत हो गई है। मामला छबीलापुर थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव का है। मृतका सुजीत साहू की पत्नी (28) खुशी देवी है। मायके वालों का आरोप है कि दहेज की खातिर ससुराल वाले प्रताड़ित किया करते थे। बुधवार को परिजन शव के पोस्टमार्टम को लेकर मॉडल अस्पताल पहुंचे। खुशी देवी के पिता सुजीत साहू ने बताया कि उनकी बेटी पिछले 2 साल से मायके नहीं आई थी। घरवालों से बेटी के ससुराल वाले बात भी करने नहीं देते थे। मंगलवार की शाम दामाद ने फोन कर बताया कि खुशी देवी की पटना में इलाज के दौरान मौत हो गई है।

## 20 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के भगवानपुर बाजार स्थित एक घर से बुधवार को पुलिस ने छापेमारी कर 20 लीटर शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर भगवानपुर निवासी जयराम चौधरी बताया जाता है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध प्राथमिकी करते हुए बुधवार को जेल भेज दिया।

# जीविका ने किया रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन

**कटिहार,एजेंसी।** बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार देने एवं उन्हें स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन मंगलवार को उच्च विद्यालय तेलता (बलरामपुर) के प्रांगण में किया गया।

मेला में 2623 युवक-युवतियों ने निबंधन कराया, जिसमें 218 अभ्यर्थियों को प्रस्ताव पत्र मिला और 329 ने स्वरोजगार के लिए निबंधन कराया। मेला में सिक्युरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, मशीन ऑपरेटर, रिटेल, लाजिस्टिक स्टॉफ, डाटा ऑपरेटर, फार्मा और आदि विभिन्न पदों के लिए निबंधन एवं चयन हुआ। मेला का उद्घाटन बलरामपुर विधायक संगीता देवी, अनुमंडल पदाधिकारी बारसोई, जिला परियोजना प्रबंधक जीविका इंद्र शेखर इंदु ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक ने



सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु उपस्थित अभ्यर्थियों, दर्शकों एवं जीविका दीदियों को रूबरू कराया।

जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका इंद्र शेखर इंदु,ने कहा कि रोजगार सह मार्गदर्शन मेलाय का उद्देश्य सुदूर गाँव में बैठे बेरोजगार युवक युवतिओं को उनके रूचि एवं योग्यता के आधार पर पंजीकरण के पश्चात प्रशिक्षण देते हुए रोजगार उपलब्ध कराना है । पूर्व में भी इस तरह के आयोजन से सैकड़ो बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार भी उपलध कराया गया है द्य उन्होंने कहा कि गाँव-गाँव में बेरोजगार युवक-युवतियों को उनके हुनर, रूचि एवं योग्यता के आधार पर चयन कर स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षित किया जा रहा है । अनुमंडलाधिकारी ने युवाओ को संबोधित करते हुए कहा कि जीविका के इस प्रयास से बेरोजगार युवकों की समस्या में कमी आयेगी और गाँव के युवक- युवतिओं को सही मार्गदर्शन देना ही इस मेला का उदेश्य है द्य उन्होंने कहा कि इस तरह के रोजगार मेला के आयोजन पर बल दिया ।

विधायक संगीता देवी ने अपने संबोधन में कहा कि बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में से एक हैं द्य लिहाजा इस तरह के आयोजन से युवाओं को रोजगार तो मिलेगा ही, उचित मार्गदर्शन भी कैरियर के निर्माण में लाभदायक होगा द्य उन्होंने युवाओं से कहा कि अपने स्कील को पहचाने और उसके तहत प्रशिक्षित होकर रोजगार लें ।

रोजगार मेला में सिक्युरिटी गार्ड , सुपरवाइजर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, मशीन ऑपरेटर, रिटेल, लाजिस्टिक स्टॉफ, डाटा ऑपरेटर, फार्मा और आदि विभिन्न पदों के लिए निबंधन एवं चयन हुआ ।

## युवक की हत्या के बाद ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**सारण,एजेंसी।** जिले के रिवीलगंज थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है जहाँ जखुआ गांव निवासी रोहित यादव नामक युवक जिसकी उम्र लगभग 25 वर्ष की बेरहमी से गला रेतकर हत्या कर दी गई। इस हत्या की खबर फैलते ही इलाके में तनाव फैल गया। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मुकरेरा के पास सड़क जाम कर दिया और हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार के लिए न्याय की मांग की।परिजनों का कहना है कि हत्या के पीछे साजिश है और दोषियों को जल्द से जल्द पकड़ा जाना चाहिए। सड़क जाम के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुँचा और भीड़ को शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि हत्या के कारणों और संलिप्त लोगों की पहचान के लिए हर एंगल से जांच की जा रही है।

## मोहनिया में खड़ी ट्रक से टकराई बाइक चालक गंभीर रूप से घायल एनएच-19 पर हुआ हादसा



**मोहनिया, कैमूर,एजेंसी।** कैमूर जिले में मंगलवार की रात को बाइक और ट्रक की टक्कर में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया । इसके बाद उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। पूरा मामला मोहनिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली मुठानी की है।

**घटना जानिए विस्तार से :** घायल युवक की पहचान विनोद कुमार सिंह रामगढ़ थाना अंतर्गत जमुरना गांव निवासी राम जी सिंह के पुत्र के रूप में हुई है। परिजन ऋतुराज सिंह ने बताया कि विनोद डेहरी से अपने गांव लौट रहे थे, जहां वे किसी निजी काम से गए थे। इसके बाद उन्हें गांव में एक व्यक्ति के निधन की सूचना मिली थी। जिसके बाद वह घर वापस आ रहे थे लेकिन इसी बीच मुठानी के समीप एनएच-19 पर खड़ी ट्रक से उनकी बाइक टकरा गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

**राहगीरों ने एम्बुलेंस बुलाया :** ऋतुराज ने आगे बताया कि दुर्घटना के बाद, उसी रास्ते से गुजर रहे एक राहगीर ने एनएचएआई एम्बुलेंस को सूचित किया। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस घटनास्थल पर पहुंची और घायल को मोहनिया के अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार शुरू हुआ। सड़क दुर्घटना की सूचना परिजनों को भी दी गई, जिसके बाद वे अस्पताल पहुंच गए।

**ट्रामा सेंटर रेफर :** अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सक डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि घायल की स्थिति गंभीर थी। उनके मुंह से खून आ रहा था और चेहरे पर चोटें आई थीं। प्राथमिक उपचार के बाद, उन्हें बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है।

## घर मे अकेले रह रहे व्यक्ति की जघन्य हत्या

**सारण,एजेंसी।** छपरा मांझी नगर पंचायत के दक्षिण टोला में सुबह एक हृदय विदारक हुई घटना के कारण दहशत में डूब गया,जहां 55 वर्षीय सूरज प्रसाद नामक व्यक्ति की संदिग्ध और अत्यंत क्रूर परिस्थितियों में मौत हो गई। उनकी दर्दनाक मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है।मृतक सूरज प्रसाद अपने घर में अकेले रहते थे जबकि उनका परिवार छपरा में रहता है।



भतीजा पंकज ने बताया कि उनका शव बिस्तर के नीचे अत्यंत दर्दनाक हालत में पड़ा मिला। पंकज और ग्रामीणों के अनुसार मृतक के शरीर पर कई गंभीर निशान पाए गए हैं, जो किसी जघन्य आपराधिक कृत्य की ओर इशारा करते हैं। इसके अलावा उनके निजी अंगों के साथ क्रूरता किए जाने की भी गंभीर आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही मांझी थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। मांझी थाना पुलिस ने आम जनता से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या जानकारी को तुरंत पुलिस तक पहुंचाने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि यह एक गंभीर मामला है और जल्द ही इस क्रूर घटना के पीछे के दोषियों का पर्दाफाश कर अपराधियों को कठोर सजा दिलाई जाएगी।

## आठ शराबी व चार तस्कर गिरफ्तार

**सिवान।** उत्पाद विभाग ने 24 घंटे में कार्रवाई करते हुए आठ शराबी व चार तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा ने बताया कि नौ दिसंबर को उत्पाद विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान आठ शराबियों व चार शराब तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। बताया कि विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर 30.100 लीटर अवैध देसी शराब एवं 06.600 लीटर विदेसी शराब बरामद की गई। साथ ही दो दो पहिया वाहन सहित अन्य सामान को जब्त किया गया है।

## फिजिकल एकेडमी का शुभारंभ

**रघुनाथपुर (सिवान)।** बच्चों के शारीरिक विकास और खेल प्रतिभा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से प्रखंड के गभीरार में मंगलवार को फिजिकल एकेडमी का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन पैक्स अध्यक्ष विनोद चौहान ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गांव के बच्चों को अब बेहतर फिजिकल ट्रेनिंग और खेलकूद की सुविधाएं स्थानीय स्तर पर मिलेंगी, जिससे उनका भविष्य निखरेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाएं संसाधनों के अभाव में दब कर रह जाती है, लेकिन इस एकेडमी के माध्यम से बच्चों को नियमित व्यायाम, खेलकूद और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की फिजिकल तैयारी का अवसर उपलब्ध होगा। मौके पर नागेंद्र मांझी, पंचायत मुखिया गणेश मल्लाह, धर्मेंद्र सिंह उर्फ काका, अभिषेक कुमार, रोहित कुमार आदि उपस्थित थे।

## लूटकांड में संलिप्त अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**सिवान ।** जामो बाजार थाना क्षेत्र के डुमरी बाजार में विगत जून माह में हुई लूटकांड मामले में संलिप्त अभियुक्त को पुलिस ने गोपालगंज जिले से गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। साथ ही अभियुक्त के पास से बाइक भी बरामद की है। थानाध्यक्ष मोहन कुमार निराला ने बताया कि आभूषण दुकान में हुई लूटकांड के अनुसंधान में प्रयुक्त बाइक का मालिक गोपालगंज जिले के थावे थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर गांव के मुकेश कुमार का नाम सामने आया। स्थानीय पुलिस टीम ने रामचंद्रपुर गांव में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर अगली कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया।

## भोजपुर में रेलवे कर्मचारी पर जानलेवा हमला भाई-भतीजे पर बेल्ट-रॉड से हमला करने का आरोप, दुकान को लेकर हुआ झगड़ा

**आरा,भोजपुर,एजेंसी।** भोजपुर शहर के टाउन थाना क्षेत्र के अबरपुर मोहल्ले में मामूली विवाद को लेकर भाई व भतीजे ने मिल रेलवे कर्मचारी की बेहरमी से पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मारपीट के दौरान लोगों ने जख्मी को पहले बेल्ट और फाइटर से मारा,उसके बाद बेल्ट से गर्दन दबाकर मारने की कोशिश की गई। अधमरा समझकर लोग मौके से फरार हो गए। अन्य लोगों ने खून से लथपथ जख्मी को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया और उसके बाद परिजन ने उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

जख्मी टाउन थाना क्षेत्र के रौजा मोहल्ला वार्ड नंबर-28 निवासी मो.शबरूल्लाह के 42 साल के बेटे सह रेलवे कर्मचारी मो.सेराजुल महफूज है। वह वर्तमान में कर्नाटक साउथ वेस्टर्न रेलवे हुबली डिविजन अंतर्गत बल्लारी में क्लर्क के पद पर कार्यरत है।

**आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी**



मो. सेराजुल महफूज ने बताया कि अबरपुल पर उनका बक्से का दुकान है। जिसे उनके पिताजी चलाते थे और वह दोनों भाई साथ रहते थे। उनकी नौकरी हो जाने के बाद उनके बड़े भाई की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण उन्होंने वह दुकान उन्हें चलाने के लिए दे दिया।

तीन दिन पहले वह अपनी मां की तबीयत खराब की सूचना पाकर बल्लारी से छुट्टी लेकर वापस घर आए थे। जब वह अबरपुल स्थित अपने बक्से की दुकान पर घूमने गए। तभी उनके बड़े भाई व भतीजे की ओर से गाली-गलौज किया जाने लगा। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उनकी पिटाई कर दी गई। दूसरी तरफ जख्मी मो. सेराजुल महफूज ने अपने बड़े भाई व भतीजे पर लाठी-डंडे व लोहे के रॉड से मारकर खुद को जख्मी करने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## पटना के बैंक कॉलोनी में रेड, 4 तस्कर अरेस्ट

**पटना एजेंसी।** पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र बैंक कॉलोनी में बुधवार सुबह पटना पुलिस ने एक मकान में छापेमारी की है। जहां से तलाशी के दौरान 5 लाख रुपए की विदेशी शराब की बड़ी खेप बरामद की गई है। मौके से पुलिस ने 4 तस्करों को भी धर दबोचा है। आरोपियों के पास से 17.61 लाख रुपए कैश भी मिले हैं। जिस मकान में पुलिस ने छापेमारी की है, वह एक पत्रकार का बताया जा रहा है। इसी मकान को किराया पर लेकर तस्कर रहते थे। फिलहाल, पुलिस की ओर से तस्करों से पूछताछ की जा रही है। इनकी निशानदेही पर अन्य दूसरे तस्करों और नए ठिकाने के बारे में पुलिस पता लगा रही है। जक्कनपुर थाना क्षेत्र के बैंक कॉलोनी के इसी घर में छापेमारी की गई।

# भागलपुर सड़क हादसे में युवक की मौत,सिपाही भर्ती की परीक्षा देने जा रहा था हाइवा ने मारी बाइक में टक्कर

**भागलपुर,एजेंसी।** भागलपुर नवगछिया पुलिस जिले के खरीक थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक सड़क हादसे में बिहार पुलिस चालक भर्ती परीक्षा देने जा रहे एक परीक्षार्थी की मौत हो गई। इस दुर्घटना में उनके चाचा, जो सेना में जवान हैं, गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर बगरी स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास हुआ।

मृतक की पहचान बांका के रजौन थाना क्षेत्र के लाहोरिया गोपालपुर गांव निवासी सुबोध यादव के 25 साल के बेटे नीतीश कुमार के रूप में हुई है। घायल आर्मी जवान गिरधारी यादव हैं। नीतीश अपने चाचा गिरधारी यादव के साथ बुधवार सुबह करीब साढ़े चार बजे बाइक से बेगूसराय जा रहे थे, जहां उन्हें बिहार पुलिस चालक भर्ती परीक्षा



में शामिल होना था।

एनएच-31 पर खरीक के पास एक तेज रफ्तार मिनी हाइवा ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के अनुसार, हादसे के बाद वे करीब आधे घंटे तक सड़क पर पड़े रहे, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी।


**दोनों घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती :** सूचना मिलते ही खरीक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें भागलपुर स्थित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने नीतीश कुमार को मृत घोषित कर दिया। गिरधारी यादव का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है, जहां उनकी हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। मृतक नीतीश कुमार अपने माता-पिता के दो बेटियों के इकलौते छोटे भाई थे। इस असामयिक घटना से परिवार में शोक का माहौल है। खरीक थानाध्यक्ष ने बताया कि हादसे में शामिल मिनी हाइवा वाहन को जब्त कर लिया गया है। बरारी थाना पुलिस ने अस्पताल परिसर से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## 15 अपराधी गिरफ्तार, 3.5 करोड़ के चोरी के सामान बरामद

**औरंगाबाद एजेंसी।** औरंगाबाद के बारूण थाना क्षेत्र में चोरी हुई थी। मामले में अंतरराज्यीय टार्जन रमेश गैंग के 15 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके पास से करीब 12 क्विंटल कॉपर का तार, एक पिकअप, एक स्कॉर्पियो, एक बोलेरो, 8 मोबाइल फोन सहित चोरी में इस्तेमाल अन्य सामान बरामद किया है। घटना के संबंध में 23 अगस्त को ब्लू स्टार कंपनी के एचआर अभिजीत जीवन इंगले ने बारूण थाने में आवेदन दिया था। उन्होंने बताया था कि सोननगर टीएसएस में ट्रांसफॉर्मर का तेल, साइट प्लेट के नट और ट्रांसफॉर्मर के कई मूल्यवान पुर्जे चोरी कर लिए गए हैं। चोरी गए सामानों की कुल कीमत करीब 3.5 करोड़ रुपए आंकी गई थी। मामले में बारूण थाना कांड संख्या 409/25 दर्ज कर जांच शुरू की गई। गैंग के सरगना रमेश चौधरी ने बताया कि उसकी दोस्ती लक्ष्मण चौधरी से हुई, जो रेलवे प्लेटफॉर्म पर लगे नए ट्रांसफॉर्मर से तार काटकर बेचता था।

## ट्रेन से गिरकर बक्सर निवासी युवक की मौत

**आरा,भोजपुर,एजेंसी।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर बक्सर के रघुनाथपुर स्टेशन के पास चलती ट्रेन से गिरकर बक्सर निवासी युवक की मौत हो गई। इलाज के समय आरा सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। मृतक बक्सर जिला के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार मल्होत्रा का 18 साल का बेटा धनराज कुमार है। वह मजदूर था। मृतक के परिजन बताया कि वह अपने गांव के ही आठ अन्य लोगों के साथ हर रोज की तरह रघुनाथपुर स्टेशन से पैसेंजर ट्रेन की ओर से दानापुर मजदूरी करने जा रहा था। उसी दौरान रघुनाथपुर स्टेशन के पास ही वह चलती ट्रेन से असंतुलित होकर गिर पड़ा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके साथ रहे साथियों की ओर से उसे इलाज के



लिए रघुनाथपुर पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया गया।

**परिजनों ने नहीं कराया पोस्टमार्टम :** इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। परिजन अपनी स्वेच्छा से उसके शव का बिना पोस्टमार्टम कराए ही वापस गांव ले गए। मृतक अपने दो भाई व एक बहन में बड़ा था।

# काशी विश्वनाथ के तर्ज पर होगा हरिहरनाथ कॉरिडोर का निर्माण- मंत्री

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सूबे के पर्यटन मंत्री सह कला संस्कृतिक एवं युवा विभाग के मंत्री अरूण शंकर प्रसाद ने 32 दिनों तक सरकारी स्तर पर लगने वाली विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले के समापन समारोह के अवसर पर उन्होने कहा कि उद्घाटन के बाद से 32 दिनो मे मेला अपने चरमोत्कर्ष पर रहा.50 लाख से अधिक लोग मेले मे आए.कानून ब्यवस्था कायम रखने के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद देता हूँ.गंगा और नारायणी के संगम पर अवस्थित यह मेला कब से है कहा नही जा सकता है लेकिन अतिप्राचिन मेला है.विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र मेला के कारण सोनपुर ख्याति को प्राप्त कर रहा है.आधुनिक काल मे भी इस मेले के प्रति लोगो के आस्था मे कोई कमी नही आई है.करोड़ो रूपये का सिर्फ घोड़ा का कारोबार हुआ है.पर्यटन विभाग निरंतर कार्य कर रहा है.मुख्य मंत्री नीतीश कुमार ने स्वयं आकर मेले को देखा है.यह मेरे लिए गौरव का क्षण है.काशी विश्वनाथ के तर्ज पर हरिहरनाथ कॉरिडोर बनेगा.अहमदाबाद की कम्पनी कार्य कर रही है.600



करोड़ रूपए से अधिक की योजना है.जिला प्रशासन जितना चाहेगी उतना विभाग मदद करेगी.विहार का गौरव और हमारी परम्परा को सहेजे हुए यह मेला है.मेला आने वाले सभी को सुविधा उपलब्ध कराया गया है. वही समापन समारोह में सोनपुर विधायक विनय कुमार सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि इस धरती पर जहॉ पशु के पुकार पर स्वयं नारायण आए उस धरती पर आप सभी को स्वागत करता हूँ.इस मेले का प्रसिद्धी पूरे दुनियाभर मे है.मेले को अगले वर्ष और बेहतर तरीके से आयोजित किया जाए साथ ही मेला समापन के बाद भी मेलार्थियों का भीड़ कम नहीं हुआ है ऐसे में मेलार्थियों को सुविधा व सुरक्षा व्यवस्था के साथ व्यपारियों के लिए खरीद बिक्री के लिए रविवार तक सुविधा व सुरक्षा की व्यवस्था किया जाए. मौके पर विधायक छपरा छोटी कुमारी,जिला परिषद अध्यक्ष जयमित्रा देवी,

नगर परिषद अध्यक्ष अजय साह, आयुक्त सारण प्रमंडल राजीव रौशन ने कहा कि आज समापन समारोह है,लेकिन आज आप देखेंगे कि परम्पराओ का संगम है.मेले मे खान-पान, खेल, सांस्कृतिक आयोजन के संगम को देखा है.विभिन्न संस्कृतियो को समेटे हुए यह मेला उत्सव के रूप मे मनाया जाता है. जिलाधिकारी अमन समीर ने कहा कि मेले के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई.मेले कि तैयारी जून महीने से ही हमलोग शुरू कर दिए थे.साहित्य और पुस्तक मेले का आयोजन भी किया गया.मेले मे मनोरंजन के साथ-साथ चिंतन को भी स्थान मिला.मेले मे 50 लाख से अधिक लोग आए.500 से ज्यादा कलाकारो ने सोनपुर आईडियल मे भाग लिए.फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया. आर्थिक पहलु को ध्यान मे रखकर कार्य किया गया.बरबट्टा चौक एनएच 19 भब्य मेला द्वार बनाने की योजना बनाई है. एसएसपी डा.कुमार आशीष ने अपने संबोधन मे मेले मे पुलिस की ओर से की गई सुरक्षा ब्यवस्था पर चर्चा कर किए गए कार्यो पर प्रकाश डाला.मेले मे सुरक्षा ब्यवस्था कायम रखना चुनौतीपूर्ण था जिसे सारण पुलिस ने शासन प्रशासन के सहयोग से निभाया.आयुक्त सारण प्रमंडल राजीव रौशन, डीआईजी निलेश कुमार, जिलाधिकारी अमन समीर, एसएसपी डा.कुमार आशीष, डीडीसी यतेन्द्र कुमार पाल, संयुक्त निदेशक पर्यटन, एडीएम मुकेश कुमार को अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया.मौके पर एसडीओ स्निग्धा नेहा,डीसीएलआर राधेश्याम कुमार मिश्र, एसडीपीओ प्रीतेश कुमार, सोनपुर थानाध्यक्ष राजनंदन, के आलावे एनडीए कार्यकर्ताओ मे नरेशू सिंह, त्रिलोकी सिंह, अधिवक्ता शशिभूषण सिंह, कुमार गोपाल सिंह, आदित्य कुमार छोटू, मुकेश कुमार सिंह, सहित कई अन्य लोग मौजूद थे. डीडीसी ने अतिथियो का स्वागत किया.इसके बाद हरिहर क्षेत्र सोनपुर पर वीडियोक्लिप दिखाया गया.इस वीडियोक्लिप मे मेले पर विस्तृत जानकारी, मेला आये लोगो का अनुभव वास्तव बिहार के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार का मेला परिभ्रमण को दर्शाया गया था.इसमे कवि सम्मेलन, पुस्तक मेला और साहित्य सम्मेलन के सम्बन्ध मे भी चर्चा किया गया.सोनपुर आइडियल को भी दर्शाया गया.रामायण मंचन और हरिहर नाथ महोत्सव को भी दर्शाया गया.यू कहे कि कुछ मिनट के वीडियोक्लिप मे 32 दिवसीय मेले के पूरे कार्यक्रम और हर पहलु को रखा गया था. बताते चले कि विहार विधान सभा चुनाव के कारण आचार संहिता लागु रहने के कारण राजनैतिक दलो से जुड़े लोग शामिल नही हो सके,जिसके कारण हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले का विधिवत उद्घाटन 9 नवंबर को सारण के प्रमंडलीय आयुक्त राजीव रौशन ने किया.उसके बाद यह 32 दिवसीय मेले मे लगातार लोग आते रहे और हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले का आनंद उठाया.मेले मे दिनोंदिन लोगो की खूब भीड़ रहा और समापन के दिन भी मेले मे अप्रत्याशित भीड़ रहा ।

## सोनपुर मेले के समापन के दिन भी उमड़ी लोगों की अप्रत्याशित भीड़



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** 9 नवंबर से शुरू हुई जो 10 दिसंबर तक लगने वाले 32 दिनों तक विश्व प्रशिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला के समापन के दिन मेले में अप्रत्याशित भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पैदल चलने तक की जगह नहीं बची। स्थानीय प्रशासन और आयोजन समिति को इस विशाल जनसमूह के प्रबंधन में खास मशक्कत करनी पड़ी। मेले में हर तरफ चहल-पहल और उत्साह का नजारा देखने को मिला। दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ थी, जिससे दुकानदारों की बिक्री में कई गुना इजाफा हुआ। बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए मनोरंजन के झूले, प्रदर्शनी और अन्य साधन आकर्षण का केंद्र बने रहे। खाने-पीने के स्टॉल पर भी लंबी कतारें देखने को मिलीं। मेले की विशेषताएं-पशु मेला, हस्तशिल्प प्रदर्शनी, और सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगों को खास तौर पर लुभा रहीं है । दुकानदारों के चेहरे पर बिक्री बढ़ने की खुशी साफ झलक रही. भले ही मेले का समापन की घोषणा हो गया है लेकिन मेला में भीड़ में कोई कमी नहीं हो रहा है.

मेले की भारी भीड़ के चलते यातायात व्यवस्था चरमरा गई। आसपास के क्षेत्रों से आने वाले वाहनों की लंबी कतारें मेले के मुख्य प्रवेश द्वार तक लगी रहीं। पार्किंग स्थलों पर जगह कम पड़ने लगी, जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई। कुछ स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था पर भी दबाव बढ़ा। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल को तैनात किया गया था, लेकिन भीड़ के आगे प्रशासनिक इंतजाम नाकाफी दिखे।

## सोनपुर मेले में भारतीय रेल की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

### रेलग्राम में इतिहास से लेकर आधुनिकता तक का अद्भुत समागम

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विश्वविख्यात हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले में इस बार भारतीय रेल की प्रदर्शनी लोगों के बीच खासा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मेले के नखास क्षेत्र में स्थित इस अनूठी प्रदर्शनी को देखने के लिए लोग भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। रेल के अनोखे पहलुओं को समर्पित रेलग्राम में पेड़ पर टंगा एक रेल इंजन दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। यही नहीं, रेलग्राम के उत्तरी छोर पर भारतीय रेलवे के विभिन्न विभागों जैसे सिग्नल, मेडिकल, सुरक्षा, संरक्षा, इंजीनियरिंग, वाणिज्य और यांत्रिकी की प्रदर्शनियों की लंबी कतार लगी है। प्रत्येक विभाग अपने कार्यों और उपलब्धियों को बेहद रोचक तरीके से प्रस्तुत कर रहा है। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य भारतीय रेल की विकास यात्रा को लोगों के सामने लाना है। यहां प्रस्तुत चित्रों और मॉडलों के माध्यम से बताया गया है कि किस प्रकार भारतीय रेल, जो कम किराये में और बिना किसी भेदभाव के देश के कोने-कोने को जोड़ता है, राष्ट्र निर्माण में अपनी



महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल नेटवर्क की अखंडता और इसने किस प्रकार सामान और यात्रियों का निर्बाध आवागमन संभव किया है, इसे भी प्रदर्शनी में भव्य ढंग से दर्शाया गया है। भारतीय रेलवे के इतिहास को समर्पित इस प्रदर्शनी में दर्शकों के लिए पुरानी यादों से लेकर आधुनिकता की झलक भी प्रस्तुत की गई है। 1853 में मुंबई से ठाणे के बीच चली पहली यात्री ट्रेन से लेकर आज के शक्तिशाली इंजनों तक की विकास यात्रा को यहाँ सजीव चित्रण के साथ प्रस्तुत किया गया है। यहां पर टॉय ट्रेन बच्चों को विशेष आकर्षित कर रही है, जबकि थके हारे दर्शकों के लिए रेलग्राम में एक विशाल रेस्टोरेंट भी मौजूद है, जहां लिट्टी-चोखा और अन्य स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, सुरक्षा और सतर्कता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटकों का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और मानव रहित रेल फाटकों को पार करते समय सतर्कता बरतने के संदेश दिए जा रहे हैं। सोनपुर मेले की यह रेल प्रदर्शनी न केवल रेलवे के इतिहास और विकास का परिचय देती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि भारतीय रेल किस तरह से हर जाति, वर्ग और क्षेत्र के लोगों के लिए एक समान सेवाएं प्रदान करते हुए देश को एक सूत्र में बांध रही है। हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला में लगाई गई इस अनोखी रेल प्रदर्शनी में भारतीय रेलवे के शुरुआती दौर से लेकर वर्तमान तक के सफर को बेहद रोचक ढंग से दर्शाया गया है। पटरियों पर खड़ी मालवाहक बोगी को हाथी से धकेलने का दृश्य, घोड़े और बैलों द्वारा खींची जाने वाली बोगियों का प्रदर्शन, यह सभी ऐतिहासिक झलकियां दर्शकों को एक अलग अनुभव दे रही हैं। यह वह दौर था जब तकनीकी और ज्ञान के मामले में रेलवे काफी पीछे था, परंतु आज अपनी निरंतर यात्रा और बदलते युग के साथ भारतीय रेल आधुनिकता की बुलंदियों को छू रही है। प्रदर्शनी में पुराने स्टीम इंजनों से लेकर आधुनिक शक्तिशाली इंजनों तक की तस्वीरें प्रदर्शित हैं। दुर्गम पहाड़ी और घाटियों में चलने वाले छोटे-बड़े स्टीम इंजनों से लेकर टॉय ट्रेन भी बच्चों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी हुई है। यह नन्ही ट्रेन बच्चों के साथ-साथ बड़ों को भी अपनी ओर खींच रही है। वहीं, मेले में घूमते-घूमते थक जाने वालों के लिए रेलग्राम में एक बड़ा रेस्टोरेंट भी स्थापित है, जहां लिट्टी-चोखा सहित कई प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया जा सकता है। यात्रियों और आमजन को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रदर्शनी में नुक्कड़ नाटकों का भी आयोजन किया जा रहा है। इन नाटकों के जरिए यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, मानव रहित फाटकों को पार करने के दौरान ध्यान रखने वाली बातों आदि का संदेश मनोरंजक अंदाज में दिया जा रहा है।

## मशरक में उजागर हुआ नवजात के सौदे का काला धंधा, अस्पताल सील



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के महावीर चौक के पास निजी नर्सिंग होम में एक नवजात का सौदा करने के मामले में खरीदार समेत अन्य को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। निजी नर्सिंग होम को सील कर दिया गया। मौके पर मिशन मुक्ति फाउंडेशन के वीरेंद्र कुमार, सीओ सुमंत कुमार, बीडीओ पंकज कुमार, इंस्पेक्टर इंद्रजीत महंतो, कार्यपालक पदाधिकारी बब्लू कुमार, और थानाध्यक्ष रणजीत कुमार पासवान, नारायणी सेवा संस्थान से अखिलेंद्र सिंह समेत अन्य मौजूद रहें। बताया गया कि वरीय एसपी सारण के निर्देश पर गुप्त सूचना मिली कि एक नवजात शिशु को खरीद फरोख्त किया जा रहा है उसी में टीम बना कर मशरक और पानापुर में नर्सिंग होम में छापेमारी की गयी जिसमें नवजात शिशु को बरामद कर सदर अस्पताल छपरा भेज दिया गया और कुछ लोगों को इस मामले में हिरासत में लिया गया है। नर्सिंग होम को सील कर जांच-पड़ताल की जा रही है।

## शिक्षाविद आमिर बाबू की पुण्यतिथि पर हुआ पौधारोपण

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** प्रखंड के गलिमापुर गांव निवासी दिवंगत शिक्षाविद् शिक्षक अमीर सिंह की आठवीं पुण्यतिथि उनके पैतृक आवास गलिमापुर गांव में मनाई गई। इस मौके पर उनकी स्मृति में वृक्षारोपण कार्य भी किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के शिक्षा प्रेमियों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा गणमान्य लोग शामिल हुए। लोगों ने उनके तैल चित्र पर फूल माला चढ़ाकर नमन किया। वहीं दिवंगत शिक्षाविद् के व्यक्तित्व व कृतित्व की चर्चा की गई। कहा गया कि अमीर बाबू अपने जीवन काल में शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ सामाजिक कार्यो में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। वे गरीबों, पीड़ितों तथा शोषितों के रहनुमा भी थे। चिकित्सक पुत्र डॉक्टर पी के परमार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाध्यापक कवि मूंगालाल शास्त्री, आचार्य विश्वनाथ तिवारी, मदन लाल श्रीवास्तव, रघुनाथ ओझा, सुदर्शन ओझा, प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश गुप्ता, रजनीश रंजन तिवारी, संतोष कुमार सिंह समेत दर्जनों लोगों ने अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## मशरक की सड़कों पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न सड़कों पर अतिक्रमण को हटाने को चले एक सप्ताह के अतिक्रमण हटाओ अभियान का शुभारंभ महाराणा प्रताप चौंक से किया गया। मौके पर सीओ सुमंत कुमार, इंस्पेक्टर इंद्रजीत महंतो, कार्यपालक पदाधिकारी बब्लू कुमार, बीडीओ पंकज कुमार और थानाध्यक्ष रणजीत कुमार पासवान दल के साथ मौजूद रहें। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि मशरक में अलग-अलग इलाकों में 10 दिसम्बर से 17 दिसम्बर तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलेगा। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध तरीके से सड़क किनारे और नाले के उपर किए गए अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। कार्यपालक पदाधिकारी बब्लू कुमार ने बताया कि नगर पंचायत की हर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा साथ ही जुर्माना भी लगाया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इसके बाद कोई भी सड़क की जमीन या नाले की जमीन को अतिक्रमण करता है उस पर कानूनी कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया जाएगा। जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाओ अभियान से दुकानदारों के द्वारा अपना अपना अतिक्रमण हटानें में होड़ लगीं रहीं।

# मांझी में अधेड़ की निर्मम हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी नगर पंचायत के दक्षिण टोला निवासी 55 वर्षीय सूरज प्रसाद की निर्मम हत्या कर दी गई है। उनका शव मांझी दक्षिण टोला स्थित उनके कमरे में बिस्तर के नीचे खून से लथपथ बरामद किया गया। अपराधियों ने क्रूरतापूर्वक उनकी दोनों आंखें फोड़ दीं थी और प्राइवेट पार्ट को कुचल दिया था। घटना की खबर मिलते ही घटनास्थल पर आसपास के सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर मृतक की पत्नी व दो पुत्र तथा तीन पुत्री रोते बिलखते छपरा शहर से मांझी पहुंचे। परिजनों के रुदन क्रंदन से मौके पर मौजूद लोगों की भी आंखें नम हो गई। परिजनों ने बताया कि मृतक सूरज प्रसाद गांव के बाहर एक बगीचे में बने छोटे से कमरे में पिछले लगभग दस वर्षों से अकेले ही रहते थे तथा उनके परिवार के सदस्य छपरा शहर में रहकर रोजी रोजगार करते हैं। बुधवार की सुबह जब पड़ोस में रहने वाले परिवार के सदस्य उन्हें भोजन देने पहुंचे तो कमरे का दरवाजा खुला देखकर उन्हें कुछ अजीब अनहोनी की आशंका हुई। अंदर जाने पर उन्होंने सूरज प्रसाद का शव बिस्तर के नीचे पड़ा देखा, जिसके तत्काल बाद उन्होंने मांझी थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। मृतक के भतीजा पंकज प्रसाद ने बताया कि उनके चाचा सूरज प्रसाद लगभग दस वर्षों से अकेले बगीचे में बने कमरे में ही रह रहे थे। उन्होंने कहा, ÷सुबह जब हम खाना देने पहुंचे, तो दरवाजा खुला था और काका का शव बेड के नीचे पड़ा था। उनके शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे।÷ परिजनों का अनुमान है कि हत्या रात में ही की गई होगी।

**रेकी के बाद हत्या की आशंका-** घटनास्थल पर पहुंची मांझी थाना की पुलिस के अलावा सारण के एसएसपी डॉ कुमार आशीष तथा एसडीपीओ राजकुमार ने परिजनों के अलावा मौके पर मौजूद लोगों से बातचीत की तथा जल्द ही हत्याकांड का उद्भेदन कर हत्यारों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। मौके पर पहुँची फॉरेंसिक जांच टीम के सदस्यों ने घटना स्थल से साक्ष्य व खून से सनी मिट्टी एकत्रित कर मौका-ए-वारदात का बारीकी से निरीक्षण किया। पूछे जाने पर मांझी के थानाध्यक्ष देव आशीष हंस ने बताया कि यह एक सुनियोजित और क्रूर हत्या का मामला प्रतीत होता है। उन्होंने कहा, ÷मृतक जिस कमरे में रहते थे, वह बगीचे के अंदर एक चारदीवारी से घिरा हुआ था। प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि अपराधी मृतक को अच्छी तरह जानते थे या लंबे समय से उनकी रेकी कर रहे थे।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से होगा खुलासा-**पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल में भेज दिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से हत्या के तरीके और समय की पुष्टि होगी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और कई संदिग्धों की पहचान भी की जा रही है। इस वारदात ने पूरे इलाके को दहला दिया है। ग्रामीण भय और आक्रोश में हैं और पुलिस प्रशासन से अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है, ताकि इस निर्मम हत्या के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

## नगर पंचायत क्षेत्र में होल्डिंग टैक्सेशन की प्रक्रिया शुरू

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित भवनों व दुकानों के टैक्सेशन हेतु सर्वे का अभियान कार्य पूरा कर लिया गया है तथा नगर पंचायत क्षेत्र में होल्डिंग टैक्सेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बुधवार को मुख्य पार्षद प्रतिनिधि विशाल कुमार उर्फ बिट्टू राय ने अपना होल्डिंग टैक्स जमा करके टैक्सेशन अभियान का श्रीगणेश किया। श्री राय ने मांझी नगरवासियों से निर्धारित अवधि के भीतर अपना अपना सुनिश्चित होल्डिंग टैक्स जमा करने की अपील की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में गठित मांझी नगर पंचायत के निवासियों को पिछले पांच वर्षों का टैक्स जमा करना होगा तथा ऐसा नही करने वाले लोगों को नगर पंचायत द्वारा जारी नो ड्यूज(अदेय प्रमाण पत्र) से वंचित होना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि 2025 के दिसम्बर माह के अंत तक होल्डिंग टैक्स जमा नही करने वालों को जनवरी महीने से जुर्माना भरना पड़ेगा। नगर पंचायत के अधिकृत पदाधिकारी अजय शंकर राय आदि अन्य कर्मी भी मौके पर मौजूद थे।

## पांच दिन पहले गायब छह वर्षीय बच्चे का शव बरामद

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** थाना क्षेत्र के सतजोड़ा हाइस्कूल के समीप बिजौली गांव के पोखरा में बुधवार की शाम एक बच्चे का शव मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। पोखरे में उपलाते शव को देख ग्रामीणों ने शोर मचाया जिसके बाद सैंकड़ो ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी. सूचना पाकर स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची एवं शव को बाहर निकलवाया। शव की शिनाख्त सिधवलिया थाने के बुधसी गांव निवासी स्वर्गीय उमेश राम के छह वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार के रूप में हुई जो अपने नाना टोटहा जगतपुर गांव निवासी दशरथ राम के घर रहता था. बताया जाता है कि आदित्य गत 6 दिसंबर की दोपहर से घर से गायब था। परिजनों द्वारा खोजबीन के बाद जब उसका कोई पता नहीं चल पाया तो मृत छात्र के नाना दशरथ राम ने 8 दिसंबर को स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी जिसमें बिजौली गांव निवासी सुदीश राय पर बिस्कुट का लालच दिखाकर आदित्य के अपहरण करने का आरोप लगाया था. थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ कि जा रही है वही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है.

## देसी कट्टे के साथ एक युवक गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी थाना पुलिस ने देसी कट्टे के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार युवक मांझी थाना क्षेत्र के मेहंदीगंज गांव निवासी ललन यादव का पुत्र पंकज कुमार यादव बताया जाता है। पूछे जाने पर प्रशिक्षु डीएसपी सह मांझी थानाध्यक्ष देव आशीष हंस ने बताया कि डुमरी गांव निवासी राजीव कुमार महतो के द्वारा एक आवेदन दिया गया था। आवेदन की जांच हेतु एसआई रामजी विश्वकर्मा को भेजा गया। पुलिस पदाधिकारी द्वारा कट्टे के साथ एक फोटो की भी जांच की गई। जांच के दौरान मोबाइल पर कट्टे के साथ लगा फोटो गिरफ्तार अभियुक्त को दिखाया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि यह कट्टा मेरा है। कट्टे के सम्बंध में पूछा गया तो बताया की कट्टा घर के छज्जा पर है। अभियुक्त द्वारा बेहिचक घर से लाकर कट्टा पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया।कट्टा बरामद होने के बाद पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में एसआई राम जी विश्वकर्मा के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की अनुसंधान की जा रही है।

## ट्रेन से गिरकर एक युवक बुरी तरह जख्मी

**दैनिक खोज/मांझी(सारण)।** बुधवार की शाम मांझी रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन से गिरकर एक युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कौरुधौर गांव के युवकों ने जख्मी युवक को आनन फानन में बाइक पर लादकर मांझी सीएचसी पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है। जख्मी युवक के साथ मौजूद उसकी छोटी बहन चांद तारा ने बताया कि वे लोग सपरिवार अजमेर शरीफ से गरीब नवाज एक्सप्रेस पर सवार होकर छपरा आ रहे थे इसी दौरान ट्रेन से उतरने हेतु गेट के पास अपना सामान एकत्रित करते समय युवक अनियंत्रित होकर ट्रेन से नीचे गिर गया। जख्मी की बहन ने बताया कि वे लोग सिवान जिले के सीपौर गांव के निवासी हैं तथा जख्मी युवक का नाम नूर हसन अंसारी है। बाद में चिंताजनक स्थिति में जख्मी युवक को छपरा रेफर कर दिया गया।

## प्रखंड उर्वरक निगरानी समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** प्रखंड मुख्यालय इसुआपुर के प्रखंड कृषि कार्यालय में प्रखंड उर्वरक निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई.जिसमें जनप्रतिनिधि, प्रखंड कृषि पदाधिकारीअनीश कुमार, सभी उर्वरक निरीक्षक सह कृषि समन्वयक नीरज कुमार गुप्ता,मिथलेश दुबे,अनिल द्विवेदी सभी थोक एवं खुदरा उर्वरक विक्रेता उपस्थित थे. बैठक में प्रखंड कृषि पदाधिकारी द्वारा यह निर्देश दिया गया की सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप ही खाद एवं उर्वरक का विक्रय किसानों को किया जाए. किसी भी तरह का अनियमितता पाये जाने अथवा शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित विक्रेता के ऊपर विभागीय कार्रवाई की जाएगी.प्रखंड उर्वरक विक्रेता संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद ने बताया कि प्रखंड में सभी प्रकार के उर्वरकों एवं खाद का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। किसानों को खाद की उपलब्धता में कोई कमी नहीं होने दी जाएगी एवं विभागीय निर्देशो का पूर्ण रूप से पालन किया जाएगा. बैठक में आत्मा अध्यक्ष विजय राय, विमल सिंह, गुड्डू कुमार, अजय कुमार ,सुजीत कुमार ,नागेंद्र सिंह ,सिकंदर राय सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.

## बांसुरी वाला – सोनपुर मेले में बांसुरी की मधुर धुन ने लोगों का मन मोहा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** 32 दिनों तक सरकारी स्तर पर लगने वाली विश्वविख्यात हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले के समापन के घोषणा होने के बाद भी मेला मे भीड़ व मेलार्थीयों का गजब का उत्साह और चहल-पहल बढ़ती जा रही है। मेले के विभिन्न आकर्षणों के बीच एक बांसुरी वाला जो खास चर्चा का विषय बन गया है। वह अपनी बांसुरी से ऐसी मधुर और दिलकश धुनें निकाल रहा है, जो मेले में आए लोगों को मंत्रमुग्ध कर रही हैं। बांसुरी बिक्रेता अपनी कला का प्रदर्शन फिल्मी गीतों की धुनों के जरिए कर रहा है। पल दिल के पास÷, ÷तेरे बिना जिंदगी से कोई शिकवा नहीं जैसे सदाबहार गीतों की धुन जब उसकी बांसुरी से निकलती है, तो लोग रुककर उसे सुनने के लिए मजबूर हो जाते हैं। छोटे बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक, हर उम्र के लोग उसकी कला का आनंद ले रहे हैं.मेले के बीचों-बीच मौजूद इस बांसुरी वाले के पास हमेशा भीड़ जमा रहती है।

## इसुआपुर में निर्धारित मूल्य से भी 1 काम में बिक रहा है यूरिया

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** इसुआपुर के हिंदुस्तान बीज भंडार में यारा कंपनी का यूरिया निर्धारित मूल्य से भी 1 सस्ता में दिया जा रहा है. इस बाबत मेराज अहमद ने बताया कि निर्धारित मूल्य 266 रुपया से भी 1 कम 265 रुपया में एक एक बोरा यूरिया दिया जा रहा है. उन्होंने कहा कि किसानों के समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कंपनी के सहयोग से प्रति बोरा 1कम में यूरिया मुहैया कराया जा रहा है.

## पूर्व के आरोपी को जलालपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** स्थानीय थाना पुलिस ने कई कांडो के आरोपी आशुतोष कुंवर किशुनपुर निवासी को बीती रात गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी थानाध्यक्ष राजेश कुमार द्वारा गठित टीम द्वारा की गई।टीम का नेतृत्व अपर थानाप्रभारी अंकित कुमार सिंह ने किया। गिरफ्तार आरोपी जलालपुर थाना कांड संख्या 250/25 मे नामित था तथा फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार उसके विरुद्ध शराब कांड सहित क ई कांड जलालपुर थाना मे दर्ज है।एक माह पहले सोनिया कुमारी पिता अजय कुंअर के सर को फरसा से फाड़ने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।आरोपी जलालपुर बाजार के मोबाईल हब दुकान का संचालक था।

## 11 दिन बाद भी पुलिस बुंदेल कुमार की हत्या या आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने में विफल

**दारौंदा (सिवान)।** थाना के बगल में 29 नवंबर की रात किराए के मकान में अग्निशामक सिपाही बुंदेल कुमार की हुई मौत की गुत्थी 11 दिन बाद भी पुलिस नहीं सुलझा सकी है। सिपाही की हत्या की गई है या फिर उसने आत्महत्या की है, इसे सुलझाने में पुलिस विफल साबित हो रही है। वहीं इस घटना के एक माह पूर्व 29 अक्टूबर को एएसआइ अनिरुद्ध कुमार की नृशंस हत्या की घटना ने इलाके को झकझोर दिया था और ठीक एक महीने बाद 29 नवंबर की रात अग्निशमन दल के सिपाही बुंदेल कुमार की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई थी। बताते हैं कि 29 नवंबर की रात करीब नौ बजे बुंदेल कुमार का शव उनके किराए के कमरे में फंदे से लटका मिला था। घटना की खबर फैलते ही मोहल्ले में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरा सील किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला, जिससे अनिश्चितता और बढ़ गई है। वहीं स्वजन इसे साजिश के तहत हत्या का आरोप लगा रहे थे। स्वजनों का आरोप था कि बुंदेल कुमार मानसिक रूप से मजबूत थे और किसी तरह की परेशानी की बात उन्होंने कभी साझा नहीं की थी। उन्हें किसी से कोई विवाद नहीं था, ऐसे में आत्महत्या की संभावना नहीं लगती है।

## 20 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के भगवानपुर बाजार स्थित एक घर से बुधवार को पुलिस ने छापेमारी कर 20 लीटर शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर भगवानपुर निवासी जयराम चौधरी बताया जा रहा है। पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध प्राथमिकी बुधवार को जेल भेज दिया।

## बिजली बिल बकाया रखने पर 23 उपभोक्ताओं का कटा कनेक्शन

**बड़हरिया (सिवान)।** पचरुखी सब डिवीजन के सहायक विद्युत अभियंता अभय मौर्य के नेतृत्व में बुधवार को विद्युत विभाग की टीम ने बड़हरिया एवं जामो सेक्शन के वैसे उपभोक्ता पर विभाग का बकाया रखने पर कनेक्शन काट दिया गया। सहायक विद्युत अभियंता ने बताया कि उपभोक्ताओं पर करीब 50 हजार रुपये बकाया होने के कारण उनका कनेक्शन काट दिया गया तथा बकाया बिल जमा करने पर कनेक्शन लेने की बात कही गई। उन्होंने बताया कि सदरपुर, बालापुर, सिकंदरपुर, मांसाहाता, बड़हरिया, औराई, ज्ञानी मोड़ आदि गांवों में कुल मिलाकर 23 उपभोक्ता का कनेक्शन काटा गया। उन्होंने बताया कि इम्तियाज अहमद पर 56770 रुपये, फारुक अंसारी 51682 रुपये, भीघन यादव 58770 रुपये आदि लोग शामिल है। विद्युत विच्छेद टीम में पचरुखी के सहायक विद्युत अभियंता के अलावा कनीय विद्युत अभियंता बड़हरिया विवेक कुमार, कनीय विद्युत अभियंता जामो विकास चतुर्वेदी, लाइनमैन विवेक कुमार यादव, इमरान आलम , मो. कासिम, उमेश श्रीवास्तव, विशाल कुमार मेगा सुपरवाइजर आदि शामिल थे।

## मानवाधिकार दिवस पर निबंध लेखन व विधिक जागरुकता

**बसंतपुर (सिवान)।** प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में मानवाधिकार दिवस पर निबंध लेखन प्रतियोगिता व विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पैनल अधिवक्ता परशुराम सिंह के नेतृत्व में आयोजित प्रतियोगिता में बेहतर निबंध लेखन में रौनक कुमार ने पहला, नीतू कुमारी ने दूसरा, आदित्य कुमार ने तीसरा, दुर्गावती कुमारी ने चौथा व अंजली कुमारी ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। इन बच्चों को सम्मानित भी किया गया। पैनल अधिवक्ता ने कार्यक्रम में कहा कि यह दिवस आज के दिन वैश्विक रूप से मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बुनियादी मानवाधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा तथा सशक्तीकरण की आवश्यकता को याद दिलाना है। मानवाधिकार में जीवन का अधिकार, स्वतंत्रता और समानता का अधिकार, विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, धर्म और विश्वास का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, काम और उचित वेतन का अधिकार, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा का अधिकार व न्याय का अधिकार आदि शामिल हैं। पैनल अधिवक्ता ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार भी मानवाधिकार के अनुपालन के लिए सदैव तत्पर है। लोगों को उनके प्राप्त अधिकारों की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर लोगों की मदद की जाती है। इस मौके पर आशुतोष पांडेय, विजय शंकर पांडेय, रूबी शर्मा, निशा कुमारी, खुश महम्मद आदि उपस्थित थे।

## मारपीट मामले में दोनों पक्षों ने कराई प्राथमिक, 20 नामजद

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के रसूलपुर में सोमवार को भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट मामले में दोनों पक्षों ने थाना में आवेदन देकर एक-दूसरे के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। इसमें कुल 20 लोगों को नामजद किया गया है। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। इस मामले में एक पक्ष के रसूलपुर निवासी शत्रुघ्न राय की पत्नी रीता देवी के बयान पर रामेश्वर राय, मुन्नीलाल राय, श्याम बाबू राय, मंजू देवी, पंकज कुमार राय, मधुबाला देवी, विकास कुमार राय, पवन कुमार राय, अनिल कुमार राय, कौशल कुमार राय, शंभू कुमार राय, विजय कुमार राय, काजल देवी और रोहित कुमार पर मारपीट करने तथा घर में घुसकर चोरी करने का आरोप लगाया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के श्याम बाबू राय की पत्नी मधुबाला देवी ने थाना में आवेदन देकर शत्रुघ्न राय, जितेंद्र राय, रीता देवी, शुभम राय और शिवम राय को अभियुक्त बनाया है। इन लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस दोनों पक्ष के आवेदन पर प्राथमिकी कर मामले की जांच में जुट गई है।

## मंडल कारा में मना अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस, अधिकारों व कर्तव्यों की दी गई जानकारी

**सिवान।** मंडल कारा परिसर में बुधवार को अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कारा में उपस्थित अतिथियों द्वारा बंदियों को मानवाधिकारों से अवगत कराया गया। साथ हीं कारा में संसीमन के दौरान उनके अधिकारों एवं कर्त्तव्यों का भी विश्लेषण किया गया। डीएलएसए के सचिव सुनिल कुमार ने कारा के बंदियों को उनके अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में बताया। बंदियों को विधिक जागरूकता के लिए महत्वपूर्ण बातें बताई गई। सभी ने मानवाधिकार विषय पर अपने-अपने अनुभव बंदियों के समक्ष प्रस्तुत किए। काराधीक्षक देवाशीष कुमार सिन्हा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हो गया। आयोजन के समाप्ति के उपरांत अतिथियों द्वारा कारा परिसर में पौधारोपण भी किया गया। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार झा, जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेन्द्र प्रताप सिंह, सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के रिजनल मैनेजर रूद्र दत्त, अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह, एलएडीसीएस के मुख्य बलवंत कुमार, उपाधीक्षक दिनेश कुमार ठाकुर, कारा चिकित्सक डा. घनश्याम प्रसाद, सहायक अधीक्षक एवं अन्य कारा कर्मी उपस्थित थे।

## भूमि विवाद में धमकी देने के मामले में चार के विरुद्ध प्राथमिकी

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के सरेयां निवासी रवि कुमार ने पांच दिसंबर को थाने में आवेदन देकर भूमि विवाद में धमकी देने के मामले में चार लोगों को आरोपित किया है। उसने आरोप लगाया है कि गांव के हीं हरकेश कुमार अपनी कमर में पिस्टल लटकाए स्वजनों संग आकर मुझसे कहने लगा कि कल मैं बगीचा वाला जमीन की जोताई करूंगा, इसमें कोई बोलेगा तो अंजाम बुरा होगा। जब मैंने बोला कि सीओ के जनता दरबार में जमीन का फैसला मेरे पक्ष में हो चुका है। इसपर वह बोला कि मैं सीओ को नहीं जानता हूं। कल जमीन जोतूंगा जो सामने आएगा उसे देख लूंगा। थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि इस मामले में चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है। वहीं हरकेश कुमार ने आरोप को निराधार बताया है।

# संबोधन : बिहार के चुनावी इतिहास, बूथ लूट और सुधारों पर लोकसभा में रूडी ने रखा विस्तृत व तथ्यपरक पक्ष

- मतदान प्रक्रिया पर उठ रहे संदेहों को लोकतंत्र व मतदाताओं का अपमान बताया
- बिहार के सामाजिक-सामुदायिक समीकरण में आए बड़े बदलाव, फॉरवर्ड, गरीब और सांगा समाज की नई एकता

**दैनिक खोज खबर।** नई दिल्ली, (10 दिसम्बर 2025)। लोकसभा में चुनाव सुधारों पर हुई चर्चा के दौरान सारण सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने बिहार में पिछले तीन दशकों के चुनावी हालात, हिंसा, बूथ कब्ज़ा, पुनर्मतदान और सुधारों की बदलती तस्वीर को ऐतिहासिक दृष्टि से प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने 40 वर्षों के राजनीतिक अनुभव को सदन के समक्ष रखा और वर्तमान चुनावी व्यवस्था को भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया।




सांसद रूडी ने मतदान प्रक्रिया पर उठाए जा रहे संदेहों पर कड़ा आपत्ति जताते हुए कहा कि उंगली पर लगे मतदान के निशान को चुनौती देना बिहार के करोड़ों मतदाताओं की निष्ठा पर प्रश्न उठाना है। उन्होंने बताया कि 1990 के दशक से लेकर 2004 तक बिहार में चुनावी हिंसा और बूथ लूट की स्थिति भयावह थी। 1996 में 133 बूथों पर रिपोल और फिर 33 बूथों पर पुनः रिपोल, 1998 में 5,000 से अधिक बूथों पर पुनर्मतदान, तथा 2004 में छपरा लोकसभा क्षेत्र के सभी 1,157 बूथों पर 100 प्रतिशत मतदान जैसी घटनाएँ भारतीय चुनाव इतिहास में अभूतपूर्व थीं।

उन्होंने बताया कि बिहार में अब तक 6,000 से अधिक लोग चुनाव-संबंधी हिंसा में मारे गए हैं, जो लोकतंत्र के लिए अत्यंत दुखद और चिंताजनक तथ्य है। 2004 के छपरा के लोकसभा चुनाव को याद करते हुए बूथ लूट के समय पुलिस द्वारा हथियारबंद गिरोहों को संरक्षण दिए जाने जैसे अपने प्रत्यक्ष अनुभव भी उन्होंने सदन के सामने रखे।

रूडी ने 2024 के चुनाव में बिहार में एक भी बूथ पर पुनर्मतदान न होने को चुनाव आयोग और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए चुनाव सुधारों का अद्वितीय परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि आज बिहार भयमुक्त, पारदर्शी और शांतिपूर्ण चुनाव का उदाहरण बन चुका है।

विपक्ष द्वारा अदृश्य मतदाताओं के नाम पर उठाए आरोपों को आधारहीन और मतदाताओं के प्रति अपमानजनक बताते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव भरोसे और जनविश्वास से जीते जाते हैं, न कि भ्रम फैलाने से। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में सामाजिक और राजनीतिक समीकरण में व्यापक परिवर्तन हुआ है। फॉरवर्ड समाज, गरीब वर्ग और सांगा समाज के बीच नई एकता उभरकर सामने आई है। अंत में, रूडी ने सदन से अपील की कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की प्रतिष्ठा को कमजोर करने वाले बयानों से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के लोकतंत्र को चोरी बताना देश का अपमान है, और इस प्रकार का प्रचार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि को नुकसान पहुँचाता है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में मशहूर लोकगायिका चंदन तिवारी देंगी प्रस्तुति

**रघुनाथपुर (सिवान)।** समाज को समरसता और शिक्षा का पाठ पढ़ाने वाले घनश्याम शुक्ल की स्मृति में प्रखंड के पंजवार स्थित प्रभा प्रकाश डिग्री कालेज में 21 दिसंबर से तीन दिवसीय कर्मयोगी महोत्सव 2025 का आयोजन किया जाएगा। यह तीन दिवसीय महोत्सव जिले के युवाओं, छात्र-छात्राओं तथा स्थानीय जनमानस के लिए सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों का बड़ा मंच प्रदान करेगा। इसको लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। इस संबंध में कार्यक्रम के संयोजक संजय सिंह ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत 21 दिसंबर को बालिका खेलकूद प्रतियोगिताओं से होगी। इसमें ऊंची कूद, लंबी कूद, दौड़ तथा कबड्डी की प्रतियोगिताएं होंगी। आयोजकों के अनुसार, इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बालिकाओं में खेल भावना, टीम वर्क और आत्मविश्वास बढ़ाना है। वहीं 22 दिसंबर को सुबह 10 बजे से सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके लिए लिखित परीक्षा 14 दिसंबर को ली जाएगी। प्रतियोगिता में कक्षा छह से आठवीं तथा कक्षा नौ से 12वीं के विद्यार्थी दो अलग-अलग समूहों में भाग ले सकेंगे। वहीं महोत्सव के दूसरे दिन और तीसरे दिन संगीत व नृत्य प्रतियोगिता आयोजित होंगी, जिनमें स्कूली बालिकाएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। इसके अलावा स्थानीय विद्यालयों के छात्र नाट्य प्रस्तुति और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर को कवि सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें क्षेत्रीय कवि अपनी-अपनी रचनाओं से उपस्थित श्रोताओं को सरावोर करेंगे।

### विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला- 2025

# विभागीय अधिकारी और कर्मियों द्वारा चलाया गया एड्स जागरूकता एवं जांच अभियान

- जांच के दौरान 03 पुरुष एचआईवी संक्रमित जबकि 05 महिला एवं पुरुष सिफीलिस संक्रमित -अभय दास

**दैनिक खोज खबर/छपरा,** (10 दिसंबर)।एशिया प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला- 2025 के दौरान मेला परिसर में स्थापित एड्स (एचआईवी) परामर्श एवं जांच स्टॉल पर मेला अवधि यानि एक महीने में परामर्शी अभय दास एवं अशोक रंजन द्वारा मेले में आए लोगों का एचआईवी एड्स एवं यौन रोग से संबंधित मेलार्थियों को जागरूक किया गया है। जागरूकता के क्रम में परामर्शी अशोक रंजन द्वारा एच आई वी एड्स होने के चारों कारण जैसे- असुरक्षित यौन संबंध बनाने, संक्रमित सुई सिरिंज साझा करने, संक्रमित खून चढ़ाने और संक्रमित गर्भवती माता से होने वाले बच्चों को एचआईवी हो सकता है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि साथ में खाने, हाथ मिलाने, गले लगने और छूने से एचआईवी एड्स नहीं होता है। परामर्शी अशोक रंजन ने बताया कि स्टॉल पर आए लोगों के बीच लगभग 5000 से अधिक प्रचार प्रसार सामग्री तथा लगभग 12000 कंडोम मुफ़्त में बांटा गया है। मेला अवधि में स्टॉल पर जांच का कार्य सुजीत एवं लैब टेक्नीशियन अलख के द्वारा किया गया है।

इस संबंध में जिला पर्यवेक्षक सह यौन रोग परामर्शी अभय दास ने मेले में आए लोगों को यौन रोग तथा सिफीलिस के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा किया। साथ ही यौन रोग से एचआईवी होने के खतरे पर भी लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। लोगों को एचआईवी एवं सिफीलिस का जांच कराने के लिए भी प्रेरित किया गया है। विगत 10 दिसंबर तक स्टॉल पर कुल 2900 महिला एवं पुरुषों का एचआईवी एड्स एवं यौन रोग से संबंधित विषय पर जागरूक किया गया। साथ ही 2106 महिला एवं पुरुषों का एचआईवी एवं सिफीलिस का जांच किया गया है। जिसमें 03 पुरुष एचआईवी संक्रमित एवं 05 महिला एवं पुरुष सिफीलिस संक्रमित पाए गए है। जिनका इलाज़ संबंधित जिले में करवाया जा रहा है।

# मृतक सन्नी बांसफोर के स्वजनों से मिलकर भाजपा शिष्टमंडल ने दिया हर संभव मदद का आश्वासन

**सिवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सरेया गांव स्थित दाहा नदी से आठ दिसंबर की सुबह पुलिस ने बोरे से नगर थाना क्षेत्र के फतेहपुर निवासी सन्नी बांसफोर का शव बरामद किया था। सन्नी की चाकू से गोदकर हत्या की गई थी। इसके बाद बुधवार को मृतक सन्नी बांसफोर के पैतृक आवास पर भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी अपने जिला भाजपा के पदाधिकारियों के साथ पहुंचकर स्वजनों को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। कहा कि परिवार को आर्थिक मदद उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएंगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में न्याय के साथ विकास होगा। कोई अपराधी बच नहीं पाएगा। बदमाश पकड़े जाएंग और स्पीडी ट्रायल चलकर सरकार उन्हें जल्द से जल्द और सख्त सजा दिलाने का काम करेगी। भाजपा मृतक सन्नी बांसफोर के स्वजनों के साथ मजबूती के साथ खड़ा है। जिलाध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक से बात कर बदमाशों को जल्द से जल्द पकड़ने की बात कही। शिष्टमंडल में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार बंटी, सत्यम सिंह, नगर अध्यक्ष सोनू सिंह, अजय पासवान, संतोष रावत, सुभाष सिंह कुशवाहा, जयप्रकाश गुप्ता, राजा श्रीवास्तव सहित अन्य शामिल थे।

### मुखिया संघ का एक दिवसीय धरना कल

सिवान। जिला मुखिया महासंघ के तत्वाधान में 12 दिसंबर को मुखिया हत्याकांड को लेकर प्रतिवाद मार्च निकाला जाएगा। साथ हीं एक दिवसीय धरना का भी आयोजन होगा। इसको लेकर मुखिया संघ ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र देकर सूचना दी है। मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष अजय भास्कर चौहान ने बताया कि रघुनाथपुर प्रखंड अंतर्गत गोपी पतियांव पांचायत के वर्तमान मुखिया रांधा साह की हत्या विगत तीन दिसंबर को अज्ञात बदमाशों द्वारा कर दी गई थी। इस दुखद घटना का विरोध जताते हुए मामले में न्याय को लेकर जिला परिषद के मुख्य गेट से प्रतिवाद मार्च निकाला जाएगा, जो जेपी चौक होते हुए गोपालगंज मोड़ स्थित आंबेडकर पार्क पहुंचकर सभा में तब्दील हो जाएगा। साथ हीं एक दिवसीय धरना का आयोजन होगा।

# आपरेशन अमानत के तहत बैग बरामद कर यात्री को किया गया सुपुर्द

**सिवान।** आरपीएफ ने आपरेशन अमानत के तहत ट्रेन से एक यात्री का बैग बरामद करते हुए उसे सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि विगत नौ दिसंबर को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी से सूचना प्राप्त हुआ कि गाड़ी संख्या 14006 के कोच संख्या एम टू के बर्थ नंबर 70 पर यात्री अरविंद का भूरे रंग का पिट्ठू बैग छूट गया है। इस सूचना पर प्लेटफार्म ड्यूटी में तैनात हेड कांस्टेबल परमेंद्र राय द्वारा गाड़ी के सिवान जंक्शन आगमन पर बताएं स्थान से बैग को बरामद करते हुए बल पोस्ट पर लाकर सुरक्षित रखकर इसकी सूचना नियंत्रण कक्ष को दी गई। सूचना पर उक्त बैग के स्वामी अरविंद कुमार के बल पोस्ट पर उपस्थित होकर अपने बैग की मांग करने पर बल पोस्ट पर उनका उचित पहचान करके सहायक उप निरीक्षक मयंक भूषण तिवारी द्वारा उनके बैग को आपरेशन अमानत के तहत ठीक-ठीक सुपुर्द किया गया। उक्त बैग में यात्री का रेडमी कंपनी का एक मोबाइल फोन, एक ब्लूटूथ, ईयर बड, एक मोबाइल चार्ज, चेक बुक तथा पुराने इस्तेमाल कपड़े मौजूद थे। जिनकी अनुमानित कीमत करीब 15 हजार बताई जाती है।

## बड़हरिया के युवक की संदेहास्पद स्थिति में नोएडा में मौत, स्वजनों में कोहराम

**सीवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव के युवक की यूपी के नोएडा में सात दिसंबर को संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। उसका शव दूसरे दिन मिलते ही सनसनी फैल गई। मृतक जिले के बड़हरिया थाना क्षेत्र के रानीपुर निवासी मनराज राम का पुत्र बैजू राम (30) है। घटना की जानकारी मिलते हीं स्वजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि बैजू राम यूपी के नोएडा में एक प्राइवेट कंपनी में मजदूरी कर अपने परिवार को भरण पोषण करता करता था। छह दिसंबर को वह अचानक गायब हो गया। देर रात जब वह अपने आवास पर नहीं पहुंचा तो उसके साथियों को चिंता हुई। तभी सात दिसंबर को उसका शव कंपनी कैंपस के समीप गड्ढे में मिला। कंपनी के कर्मियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और पूरी जानकारी लेने के बाद पुलिस इस घटना की जानकारी उसके स्वजनों को दी। बैजू राम की मौत की सूचना मिलते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। वहीं पत्नी पत्नी चिंता देवी समेत अन्य स्वजन दिल्ली के लिए रवाना हो गए। स्वजन के पहुंचने के बाद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम 10 दिसंबर को कराया जा रहा है। घटना के संबंध में पुलिस का कहना है कि संभवतः इसकी मौत दुर्घटना में हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। बता दें कि बैजू राम दो भाईयों में छोटा था। उसकी शादी हो चुकी है।

## नाबालिग बच्ची के लेकर भाग रहे संदिग्ध को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**गोरेयाकोठी (सिवान)।** थाना क्षेत्र के बरदाहा गांव में एक छह वर्षीय नाबालिग बच्ची को लेकर भाग रहे संदिग्ध को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। संदिग्ध की पहचान थाना क्षेत्र के ही छितौली खुर्द निवासी अब्दुल साई के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बरदाहा गांव में लोगों ने अब्दुल के साथ एक बच्ची को देखा तो उन्हें शक हुआ। पूछने पर वह कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच बच्ची को जहां स्वजनों के हवाले कर दिया, वहीं अब्दुल साई को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर प्राथमिकी करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी से जुड़े नेटवर्क की जांच में पुलिस जुटी है। बाद में उसे अगली कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया।

## 29 वारंट एवं सात कुर्की का किया गया निष्पादन

**सिवान ।** पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटे के विशेष अभियान के दौरान 20 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलान्तर्गत विशेष अभियान के दौरान 20 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी, शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण, परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने एवं देशी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु मंगलवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 20 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान वारंट के कांड में एक, शराब के कांड में 11, हत्या का प्रयास में चार, लूट के कांड में एक, विविध के कांड में तीन गिरफ्तारी की गई। वहीं 503.4 लीटर देशी शराब व 54.62 लीटर विदेसी शराब जब्त किया गया। जबकि 29 वारंट व सात कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से यातायात के उल्लंघन करने वाले वाहनों से 72 हजार रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई। वहीं सात दो पहिया वाहन, एक चार पहिया वाहन, एक मोबाइल, 820 एमएल स्प्रीट सहित अन्य सामान को बरामद किया गया।

# अलग-अलग जगहों से शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**सिवान ।** उत्पाद विभाग की टीम ने बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर तीन अलग-अलग जगहों से शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करों में थाना क्षेत्र के भीखमपुर निवासी अंशु कुमार, बनकटा निवासी राजीव कुमार उर्फ गांधी व मछगरा निवासी सोनू कुमार सिंह शामिल हैं। जिनसे पूछताछ के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया । मामले में उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के भीखमपुर गांव, हिलसर स्थित एक होटल व चरौली स्थित एक होटल में काफी मात्रा में शराब रखी गई है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उत्पाद थाना महाराजगंज के प्रभारी थानाध्यक्ष सह अवर निरीक्षक अमित कुमार राय के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम द्वारा पहली छापेमारी भीखमपुर गांव में की गई। जहां से अंशु कुमार के कब्जे वाले बगीचा से 18 कार्टन शराब बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि दूसरी छापेमारी हिलसर स्थित एक होटल में की गई। इस दौरान भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के बनकटा निवासी राजीव कुमार उर्फ गांधी के होटल के पीछे से 81 बोतल शराब बरामद कर उसे गिरफ्तार किया गया। वहीं तीसरी छापेमारी चोरौली बाजार स्थित एक होटल में हुई। जहां से थाना क्षेत्र के मछगरा निवासी सोनू कुमार सिंह के होटल के पास से 20 बोतल शराब बरामद हुआ।

## चालक सिपाही भर्ती की परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों से भरा रहा ट्रेन व प्लेटफार्म

**सिवान।** जिले में बुधवार को कदाचारमुक्त वातावरण और कड़ी सुरक्षा के बीच चालक सिपाही भर्ती परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा में शामिल होने विभिन्न जगहों से आए अभ्यर्थियों से जंक्शन का प्लेटफार्म व ट्रेन भरा रहा। अभ्यर्थियों का ट्रेनों पर कब्जा रहा। काफी संख्या में अभ्यर्थियों का ट्रेनों व प्लेटफार्म पर भीड़ थी। इससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामान उठाना पड़ा। हालांकि प्लेटफार्म पर तैनात आरपीएफ ने यात्रियों को ट्रेन में सवार कराने के बाद ट्रेनों को रवाना कराया। सभी परीक्षार्थियों को कतारबद्ध रूप से खड़ा कराया गया। इसके बाद उसमें परीक्षार्थियों को सकुशल बैठवाकर भिजवाया गया। नियमित गाड़ी संख्या 12565, 15565, 13019, 14674 को प्रस्थान करवाया गया। बता दें कि अभ्यर्थी परीक्षा देने के लिए मंगलवार की रात ही जंक्शन पर पहुंच गए थे। अधिकांश अभ्यर्थी प्लेटफार्म पर ही रात्रि में सो गए थे। बुधवार को अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र से निकलने के बाद करीब दो बजे सिवान जंक्शन पहुंचे। यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे सुरक्षा बल तथा राजकीय रेल पुलिस के बल सदस्यों द्वारा विभिन्न गाड़ियों को रवाना किया गया। मौके पर आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव, उप निरीक्षक संजय पांडेय, सउनि शैलेंद्र पांडेय सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व जवान तैनात थे।